

हिंदी दैनिक खबर

हर पल, हमारी खबर

# केशववाणी

बुधवार 08 अप्रैल 2026 वर्ष 02 अंक 95 पृष्ठ 4

www.keshavtv24.com

Email:keshavtvbihar@gmail.com


**अनमोल वचन**

"हार मत मानो, क्योंकि हर सुबह नई उम्मीद लेकर आती है। जो गिरकर भी उठे, वही असली विजेता कहलाता है।"

## राष्ट्रीय स्कूल रग्बी अंडर–17 में बिहार का जलवा बालक वर्ग में चौंपियन और बालिका वर्ग में उपविजेता

**केशववाणी रानी सिन्हा /शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट पटना (बिहार)।** बिहार राज्य खेल प्राधिकरण की ओर से मिली जानक. ारी के अनुसार 6 और 7 अप्रैल 2026 को ओडिशा के भुवनेश्वर स्थित कलिंग स्टेडियम में आयोजित राष्ट्रीय स्कूल रग्बी अंडर–17 (बालक एवं बालिका) प्रतियोगिता 2025–26 में बिहार की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राज्य का मान बढ़ाया है। बिहार ने बालक वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर चौंपियन बनने का गौरव हासिल किया, जबकि बालिका वर्ग में रजत पदक अपने नाम किया। महानिदेशक सह मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवींद्रण शंकरण ने बताया कि बिहार की बालक टीम ने पूरे टूर्नामेंट में दमदार खेल का प्रदर्शन किया। क्वार्टर फाइनल में पंजाब को 37–0 से हराने के बाद सेमीफाइनल में राजस्थान को 38–0 से पराजित कर टीम ने फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबले में बिहार ने मेजबान ओडिशा को 21–5 से हराकर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। वहीं बालिका वर्ग में भी बिहार की टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। टीम ने क्वार्टर फाइनल में छत्तीसगढ़ को 44–0 से हराया और सेमीफाइनल में दिल्ली को 17–5 से पराजित कर फाइनल में जगह बनाई। हालांकि फाइनल




मुकाबले में ओडिशा से 7–5 से हार का सामना करना पड़ा, जिससे टीम को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। प्रतियोगिता में बालक वर्ग में बिहार ने स्वर्ण, ओडिशा ने रजत और महाराष्ट्र ने कांस्य पदक हासिल किया। वहीं बालिका वर्ग में ओडिशा ने स्वर्ण, बिहार ने रजत और महाराष्ट्र ने कांस्य पदक जीता। बिहार की इस उपलब्धि पर ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, खेल मंत्री श्रेयसी सिंह, विधान परिषद सदस्य सह रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन ऑफ बिहार के अध्यक्ष संजय प्रकाश मयुख, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रवींद्रण शंकरण तथा संघ के सचिव पंकज कुमार ज्योति ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



## पुस्तकोपहार से होता है प्रकृति का संरक्षण छात्रों में पनपती है दान व मदद की भावना

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** आयुध निर्माणी राजगीर स्थित पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय में मंगलवार को आयोजित पुस्तकोपहार में अगली कक्षा में पास हुए छात्रों ने अपने कनिष्ठ सहपाठियों को अपनी पुस्तकें उपहार स्वरूप प्रदान की। इससे जरूरतमंद छात्रों को लाभ मिला। इस तरह के कदम पा. ठ्यपुस्तकों को नया जीवन देने और छात्रों के बीच सौहार्द की भावना को बढ़ावा देता है। प्राचार्य विवेक किशोर ने कहा कि संगठन के इस तरह के नवाचार से छात्रों में दान भावना का एवं मदद भावना का विकास होता है। प्रकृति से भी इसका संबंध है। पुस्तक छपाई प्रक्रिया मे कई प्राकृतिक संसाधनों का प्रयोग किया जाता है। आज के युग प्राकृतिक संरक्षण से ही उज्ज्वल भविष्य की परिकल्पना कर सकते हैं। पुस्. तकोपहार एक अच्छी पहल है। पुस्तकालयाध्यक्ष मो. शाहबाज कमाल ने पुस्. तकदाता छात्रों की सराहना की और अन्य छात्रों को भी इस तरह के आयोजनों में अपने सहभागिता के लिए प्रेरित किया। पुस्. तकों का मूल्य उसके खरीद राशि से नहीं बल्कि उसके अंदर ज्ञान से होती है। पुस्तकें हमारे लिए अनमोल हैं। हमें अनेक अवसरों जैसे जन्मदिन आदि पर भी उपहार स्वरूप पुस्तकें भेंट करना अधिक सार्थक होगा।

## सब जूनियर हॉकी नेशनल चौंपियनशिप में रोमांचक मुकाबले, कई टीमों की शानदार जीत

### ओडिशा ने 8–0 से मचाया तहलका, चंडीगढ़–हरियाणा भी चमके, तमिलनाडु और केरल को मिली करारी हार

**केशववाणी रानी सिन्हा / शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट पटना/राजगीर ।** बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के तत्वावधान में राजगीर खेल अकादमी में 1 से 12 अप्रैल तक आयोजित 16वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चौंपियनशिप 2026 के सातवें दिन रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। दिनभर खेले गए डिवीजन 'ए' के मैचों में हॉकी चंडीगढ़, हॉकी हरियाणा, हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा और दादरा एवं नगर हवेली तथा दमन–दीव की टीमों ने शानदार जीत दर्ज की। दिन के पहले मुकाबले में हॉकी चंडीगढ़ ने पूल 'ए' के रोमांचक मैच में हॉकी महाराष्ट्र को 5–3 से हराया। मैच की शुरुआत महाराष्ट्र के प्रवीण पटियाल (21′) के गोल से हुई, लेकिन चंडीगढ़ के कप्तान साहिल दुहान (27′) ने बराबरी कर ली। इसके बाद दोनों टीमों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। चंडीगढ़ के परमबीर सिंह और अर्जनदीप सिंह के अहम गोलों की बदौलत टीम ने बढ़त बनाई और अंततः 5–3 से जीत अपने नाम कर ली। दूसरे मुकाबले में हॉकी हरियाणा ने पूल 'सी' में हॉकी मणिपुर को 3–0 से हराया। हरियाणा की ओर से आदित्य कुमार (11′), आशीष (16′) और रोहित (42′) ने गोल दागे।




पूरी टीम ने संतुलित प्रदर्शन करते हुए मैच पर अपना दबदबा बनाए रखा। तीसरे मुकाबले में हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए केरल हॉकी को 8–0 से करारी शिकस्त दी। ओडिशा की ओर से दीपक प्रकाश टोप्पो, मोहन माझी (दो गोल), अमनदीप डांग, मनेश नाइक, बिकाश माझी, मिथलेस केरकेट्टा और बिपुल तिर्की ने गोल किए। पूरे मैच में ओडिशा की टीम का एकतरफा दबदबा रहा। दिन के चौथे और अंतिम मुकाबले में दादरा एवं नगर हवेली तथा दमन–दीव की टीम ने पूल 'बी' में हॉकी यूनिट ऑफ तमिलनाडु को 6–0 से हराया। टीम की ओर से अजय यादव ने शुरुआती गोल किया, जबकि कप्तान धीरज पाल और अभिषेक पाल ने दो–दो गोल दागे। पवन यादव ने भी एक गोल कर टीम की जीत में योगदान दिया। टूर्नामेंट के सातवें दिन सभी विजेता टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने–अपने पूल में स्थिति मजबूत कर ली है। प्रतियोगिता में आगे भी रोमांचक मुकाबलों की उम्मीद जताई जा रही है।






## पटना में आम लोगों के लिए खुला स्विमिंग पूल, चंद्रगुप्त जल बिहार तरणताल का हुआ शुभारंभ

**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट पटना ।** बिहार राज्य खेल प्राधिकरण द्वारा संचा. लित राजेंद्र नगर स्थित मोइनुल हक स्टेडियम परिसर में चंद्रगुप्त जल बिहार तरणताल (स्विमिंग पूल) का मंगलवार, 7 अप्रैल 2026 को शुभारंभ किया गया। इसका उद्घाटन प्राधिकरण के कार्यकारी निदेशक रविंद्र नाथ चौधरी ने किया। इस अवसर पर क्रीड़ा कार्यपालक आनंदी कुमार, तरणताल प्रबंधक राजेश कुमार, महिला तैराकी प्रशिक्षक पूजा दुबे तथा प्रशिक्षक दिनेश कुमार एवं अमित कुमार उपस्थित रहे। कार्यकारी निदेशक रविंद्र नाथ चौधरी ने बताया कि तैराकी सीखने और प्रशिक्षण के लिए खिलाड़ियों एवं आम लोगों की बढ़ती मांग को देखते हुए इस स्विमिंग पूल को आमजन के लिए खोल दिया गया है। यहां महिलाओं, बच्चों और खिलाड़ियों के लिए अलग–अलग समय निर्धारित किया गया है, ताकि सभी को सुविधाजनक माहौल मिल सके। सुबह 6 से 7 बजे तक पुरुषों के लिए, 7 से 8 बजे तक पुरुष एवं बच्चों के लिए, 8 से 9 बजे तक म. हिलाओं के लिए तथा 9 से 10 बजे तक पुरुष एवं अतिथि सदस्यों के लिए सुविधा उपलब्ध रहेगी।



शाम 4 से 5 बजे तक राज्य स्तर के खिलाड़ियों के लिए, 5 से 6 बजे तक महिलाओं एवं अतिथि सदस्यों के लिए, 6 से 7 बजे तक परिवार एवं बच्चों के लिए तथा 7 से 8 बजे तक पुरुष एवं अतिथि सदस्यों के लिए स्विमिंग की सुविधा दी जाएगी। यह सुविधा अप्रैल से अक्टूबर माह तक उपलब्ध रहेगी। प्राधिकरण द्वारा सदस्यता शुल्क भी निध. ारित किया गया है। वयस्कों के लिए अप्रैल से अक्टूबर तक 10,000 रुपये तथा मासिक शुल्क 3,500 रुपये रखा गया है। वहीं 12 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए 7,000 रुपये (सीजन) और 2,000 रुपये (मासिक) शुल्क निर्धारित है। राज्य स्तर के खिलाड़ियों के लिए विशेष रियायत दी गई है, जिसमें सीजन शुल्क 3,000 रुपये और मासिक शुल्क 500 रुपये है। पारिवारिक सदस्यता (एक पुरुष, एक महिला एवं एक–दो बच्चों के लिए) 21,000 रुपये (सीजन) और 7,000 रुपये (मासिक) रखी गई है। अतिथि सदस्यों के लिए 200 रुपये प्रति घंटे शुल्क निर्धारित किया गया है। इच्छुक लोग सदस्यता एवं अन्य जानकारी के लिए तरणताल प्रबंधक राजेश कुमार (मोबाइल– 7903446038) या क्रीड़ा कार्यपालक आनंदी कुमार (मोबाइल– 9835291222) से संपर्क कर सकते हैं।




# बिहार खेल विश्वविद्यालय में नामांकन शुरू, खेल शिक्षा में करियर बनाने का सुनहरा अवसर

**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** बिहार खेल विश्वविद्यालय, राजगीर ने शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू कर दी है। विश्वविद्यालय द्वारा खेल शिक्षा, कोचिंग एवं प्रबंधन के क्षेत्र में विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश लिया जा रहा है, जिससे युवाओं को खेल के क्षेत्र में बेहतर करियर बनाने का अवसर मिलेगा। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार कुलपति शिशिर सिन्हा के नेतृत्व में संस्थान खेल शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल करने की दिशा में कार्य कर रहा है। वहीं कुलसचिव रजनी कांत एवं परीक्षा नियंत्रक डॉ. निशिकांत तिवारी के मार्गदर्शन में नामांकन प्रक्रिया को व्यवस्थित रूप से संचालित किया जा रहा है। सत्र 2026–27 के लिए बैचलर ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स (बीपीईएस) चार वर्षीय स्नातक कोर्स, पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन स्पोर्ट्स कोचिंग (पीजीडीएससी) तथा पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन स्पोर्ट्स मैनेजमेंट (पीजीडीएसएम) में नामांकन लिया जा रहा है। स्पोर्ट्स कोचिंग कोर्स एथलेटिक्स, क्रिकेट, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल और कबड्डी जैसे खेलों में उपलब्ध है। विश्वविद्यालय के सभी पाठ्यक्रम यूजीसी के मानकों के अनुरूप हैं। साथ ही स्पोर्ट्स कोचिंग कोर्स को देश के प्रतिष्ठित संस्थानों के समकक्ष मान्यता प्राप्त है, जिससे छात्रों को बेहतर करियर संभावनाएं मिलेंगी।




नामांकन के लिए ऑनलाइन आवेदन 8 अप्रैल 2026 से शुरू हो गया है, जबकि आवेदन की अंतिम तिथि 30 अप्रैल 2026 निर्धारित की गई है। इच्छुक अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। विश्वविद्यालय में आधुनिक खेल सुविधाएं, अत्याधुनिक स्मार्ट कक्षाएं और बिहार सरकार के नियमों के अनुसार आरक्षण की व्यवस्था उपलब्ध है। साथ ही वर्ष 2026 में परीक्षा देने वाले अभ्यर्थी भी पात्रता की शर्तों के साथ आवेदन कर सकते हैं। नामांकन से संबंधित जानकारी के लिए अभ्यर्थी विश्वविद्यालय द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबरों और ईमेल के माध्यम से संपर्क कर सकते हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन ने युवाओं से अपील की है कि वे इस अवसर का लाभ उठाकर खेल शिक्षा के क्षेत्र में अपना भविष्य संवारें।



# अब सभी पंचायत में सड़क व गलियों चमकेगी दुधिया की तरह ,15 वार्ड में 150 सोलर स्ट्रीट लाइट लगना शुरू

**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत (नालंदा)।** हरनौत – शहर की तर्ज पर गांवों की गलियों को रोशनी से जगमग रखने के उद्देश्य से वर्ष 2022 में मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट योजना का शुभ. ारंभ किया गया था।सबसे पहले बराह पंचायत को इस योजना के तहत चयन कर लाईटें लगाया गया था। लेकिन अब सभी पंचायत (बराह ,चेरो,नेहुसा,लोहरा ,बसनियावां,चौरिया ,गोनावां,पोआरी,पचौरा,सरथा,कोलावां, तेलमर,डिहरी,मुढारी, पाकड़ और सोराडीह )के विभिन्न वार्डों में सौ फीसदी लाइट लगाया जाएगा । वहीं प्रखंड पंचायती राज पदाधिक. ारी (बीपीआरओ) उमेश कुमार ने सोमवार को कहा कि इससे पहले तीन चरणों में पंचायतों के 12 वार्डों तक हजारों सोलर लाइट लगायी जा चुकी हैं। जिसमें पहले चरण में एक से लेकर आठ वार्ड अंतर्गत 136 वार्ड में कुल 1360 लाईटें , दूसरे चरण में नौ और दस वार्ड अंतर्गत कुल 28 वार्ड में 280 लाईटें जबकि 10–10 लाईटें पंचायत के मुखिया के स्वेच्छा अनुसार सार्वजनिक स्थानों पर तथा तीसरे चरण में 11 और वार्ड 12 अंतर्गत 26 में कुल 260 लाईटें लगाई जा चुकी है। जिसमें हरेक वार्ड में दस–दस स्ट्रीट लाइट शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि चौथे चरण में 15 पंचायत के वार्ड नंबर 13 व इससे आगे के वार्डों की गलियों और सार्वजनिक स्थानों पर लाइटें लगायी जा रही हैं। जिसमें 15 वार्ड में कुल 150 लाईटें लगानी है।उन्होंने कहा कि चयनित एजेंसी कोई पांच साल तक लाइट की देखभाल भी करनी होगी। किसी तरह की खराबी मिलने पर तत्काल ठीक करना होगा। खराब लाइट की सूचना के लिए टॉल फ्री नंबर 1800–3092–849 जारी किया गया है। स्थानीय जनप्रतिनिधि व कोई भी नागरिक इस नंबर पर खराब लाइट की सूचना दे सकता है। लाइट की स्थिति की मॉनिटरिंग के लिए सेंसर भी लगाए गए हैं। केन्द्रीयकृत अनुश्रवण प्रणाली से इसकी लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। उन्होंने कहा कि सोलर लाइट लगाने वाली चयनित एजेंसी को राज्य योजना मद से पच्चीस प्रतिशत तो 15वीं वित्त से पैंतालीस प्रतिशत राशि का भुगतान किया जाता है। जबकि बचे तीस प्रतिशत राशि पांच साल में खराब लाइट की मरम्मत के बाद हर साल छह प्रतिशत राशि का भुगतान किया जाना है। उन्होंने कहा कि मेंटनेस नहीं करने वाली कार्य एजेंसी की राशि अटक सकती है।

# नियोजनालय नालंदा द्वारा 111 अभ्यर्थियों को स्टडी किट वितरण, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी को मिलेगा बढ़ावा

**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट' बिहारशरीफ (नालंदा)।** बिहार सरकार के युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के अंतर्गत जिला नियोजनालय नालंदा द्वारा नियोजन सेवा विस्तार योजना के तहत मंगलवार, 7 अप्रैल 2026 को 111 योग्य अभ्यर्थियों के बीच स्टडी किट का वितरण किया गया। इस पहल का उद्देश्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को प्रोत्साहित करना है। स्टडी किट वितरण में विभि. ान्न प्रतियोगी परीक्षाओं के अभ्यर्थियों को शामिल किया गया, जिनमें यूपीएससी के 6, बीपीएससी के 37, बिहार एसआई एवं बिहार पुलिस के 9, बीएसएससी के 33 तथा रेलवे एवं एसएससी के 19 अभ्यर्थी शामिल हैं। जिला नियोजनालय के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2025–26 में अब तक कुल 162 स्टडी किट का वितरण किया जा चुका है। वहीं टूल किट के लाभुकों के बीच वितरण अगले सप्ताह किया जाएगा। विभाग द्वारा यह भी जानकारी दी गई कि वर्ष 2026–27 के लिए भी आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस योजना का लाभ लेने के लिए अभ्यर्थियों का जिला नियोजनालय में कम से कम छह माह पूर्व निबंधन होना अनिवार्य है तथा उनकी वार्षिक आय तीन लाख रुपये से कम होनी चाहिए।




इस योजना के तहत ट्रांसजेंडर, दिव्यांगजन, महिला, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी। साथ ही 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के अभ्यर्थी ही इसके पात्र होंगे। यह भी स्पष्ट किया गया कि अभ्यर्थी को स्टडी किट और टूल किट में से केवल एक ही योजना का लाभ मिलेगा तथा पहले से लाभान्वित अभ्यर्थी पुनः इसके पात्र नहीं होंगे। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी जिला नियोजनालय नालंदा के दूरभाष संख्या 06112–359276 पर संपर्क कर सकते हैं।

# पवित्र बंधन (माता–पिता देखभाल अवकाश) विधेयक, 2026 – कर्मचारियों को मिलेगा 45 दिन का सवेतन अवकाश

**केशववाणी रानी सिन्हा की रिपोर्ट (बिहार)।** कर्मचारियों को अपने वृद्ध माता–पिता की देखभाल के लिए विशेष सुविधा देने के उद्देश्य से "पवित्र बंधन (माता–पिता देखभाल अवकाश) विधेयक, 2026" लाया गया है। इस विधेयक का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कर्मचारी अपने माता–पिता के स्वास्थ्य, चिकित्सा और देखभाल के लिए समय निकाल सकें, बिना वेतन या नौकरी पर असर पड़े। विधेयक के अनुसार किसी भी कर्मचारी को अपने पूरे सेवाकाल में अधिकतम 45 दिनों का "पेरेंट केयर लीव" प्रदान किया जाएगा। यह अवकाश पूरी तरह सवेतन होगा और इसे किसी अन्य छुट्टी, जैसे कैजुअल या अर्जित अवकाश से नहीं काटा जाएगा। इसमें माता–पिता की परिभाषा को व्यापक रखा गया है, जिसमें जैविक, सौतेले और दत्तक माता–पिता के साथ–साथ सास–ससुर भी शामिल होंगे, बशर्ते उनकी आयु 60 वर्ष या उससे अधिक हो। यह नियम केंद्र और राज्य सरकार के विभागों, सार्वजनिक उपक्रमों तथा उन निजी संस्थानों पर लागू होगा, जहां 10 या उससे अधिक कर्म. चारी कार्यरत हैं। छुट्टी लेने के लिए कर्मचारी को मेडिकल सर्टिफिकेट या अस्पताल से संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे।

आपात स्थिति में कर्मचारी बिना पूर्व अनुमति के भी अवकाश ले सकता है, लेकिन उसे 7 कार्य दिवसों के भीतर आवश्यक दस्तावेज जमा करने होंगे। इस अवकाश के बदले किसी प्रकार का नकद भुगतान नहीं मिलेगा।विधेयक में यह भी प्रावधान किया गया है कि इस अवकाश का लाभ लेने वाले कर्मचारियों के साथ प्रमोशन, वेतन वृद्धि या ट्रांसफर के मामलों में किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाएगा। यदि कोई नियोक्ता बिना उचित कारण के अवकाश देने से इनकार करता है या कर्मचारी को परेशान करता है, तो उस पर ₹50,000 से ₹2 लाख तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। वहीं, फर्जी मेडिकल दस्तावेज प्रस्तुत करने पर कर्मचारी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी और उसे प्राप्त वेतन वापस करना पड़ सकता है। देश में बढ़ती बुजुर्ग आबादी, कामकाजी लोगों पर बढ़ता पारिवारिक दबाव और "सैंडविच जनरेशन" की समस्या को ध्यान में रखते हुए यह विधेयक लाया गया है। इसका उद्देश्य भारतीय पारिवारिक मूल्योंकृ"मातृ देवो भव, पितृ देवो भव"–को मजबूत करना और नौकरी व पारिवारिक जिम्मेदारियों के बीच संतुलन स्थापित करना है। कुल मिलाकर, यह एक कल्याणकारी पहल है, जो कर्मचारियों को अपने वृद्ध माता–पिता की देखभाल के लिए सुरक्षित और सम्मानजनक अवसर प्रदान करती है।




अपने क्षेत्र की खबर भेजने और विज्ञापन
देने के लिए संपर्क करें
7033325120

# रोपवे में आपात काल आने पर बचाव के लिए किया गया मॉक ड्रिल, बताये गए बचाव के गुर

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** आठ सीटर रोपवे में आपात काल आने पर बचाव के लिए एनडीआरएफ के 9वीं वाहिनी दल एवं रोपवे तकनीकी दल द्वारा मंगलवार को बारी–बारी से मॉक ड्रिल किया गया। इस दौरान तीन पर्यटक को केबिन रोपवे से यात्रा के दौरान आई अचानक खराबी के कारण तीन नम्बर टावर के पास फंस गए हैं और रोपवे का संचालन आगे संभव नहीं हो पा रही है। ऐसे में रोपवे तकनीकी दल द्वारा केबिन में फसे एक पर्यटक को सुरक्षित निकाला गया उसके बाद एनडीआरएफ के 9वीं वाहिनी के 30 सदस्यी दल द्वारा बचे हुए दो पर्यटकों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। रोपवे के सभी कर्मचारी एवं एनडीआरएफ कर्मियों के बीच मॉक एक्सरसाइज कराया गया। यह कार्यक्रम पूरे साल में एक बार होता है जिससे लोगों को जागरूक किया जाता है। एनडीआरएफ के कमांडेंट शशि देव प्रसाद ने कहा कि एनडीआरएफ सदैव आपदा के लिए तैयार रहती है।



जिस क्षेत्र में आपदा हो वहां के स्थानीय विभागीय कर्मचारियों को आपदा से बचने के गुरु सीखना चाहिए। इसलिए हम सभी इस प्रकार के कार्यक्रम कर हर विभाग के कर्मचारियों को आपदा से बचने के लिए तरीके सीखाने एवं प्रशिक्षित करने का उद्देश्य है। इस मॉक अभ्यास में शशि देव प्रसाद, जैनेन्द्र कुमार सहित 28 अन्य कर्मी शामिल हुए।

# अस्थावां में चला अतिक्रमण हटाओ अभियान, बाजार को जाम से मिली बड़ी राहत

**केशववाणी रानी सिन्हा की रिपोट अस्थावां (नालंदा)।** जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार के निर्देशानुसार मंगलवार, 7 अप्रैल 2026 को अतिक्रमण मुक्त अभियान के तहत अस्थावां नगर पंचायत क्षेत्र में व्यापक कार्रवाई की गई। यह अभियान अनुमंडल पदाधिकारी बिहारशरीफ, कार्यपालक पदाधिकारी अस्थावां तथा स्थानीय थानाध्यक्ष के संयुक्त नेतृत्व में चलाया गया। अभियान के दौरान प्रशासनिक टीम ने अस्थावां बाजार क्षेत्र का निरीक्षण कर सड़कों के किनारे एवं सार्वजनिक स्थानों पर लगाए गए अस्थायी अतिक्रमण को हटाया। दुकानदारों द्वारा सड़क पर फैलाए गए सामान, ठेला–खोमचा एवं अन्य अवैध कब्जों को हटाकर सड़क को पूरी तरह खाली कराया गया। इस कार्रवाई से लंबे समय से बनी जाम की समस्या में काफी हद तक सुधार हुआ है। स्थानीय लोगों ने बताया कि बाजार में अतिक्रमण के कारण रोजाना जाम की स्थिति बनी रहती थी, जिससे आमजन, स्कूली बच्चों एवं मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। प्रशासन की इस पहल से अब आवागमन सुगम हो गया है और लोगों को राहत मिली है।



अभियान के दौरान अधिकारियों ने दुकानदारों और स्थानीय लोगों को सख्त हिदायत दी कि वे दोबारा सड़क पर अतिक्रमण न करें। उन्होंने चेतावनी दी कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे और भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि अतिक्रमण मुक्त अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा, ताकि बाजार क्षेत्र को स्थायी रूप से जाम मुक्त बनाया जा सके और यातायात व्यवस्था को बेहतर किया जा सके। साथ ही आम नागरिकों से भी सहयोग की अपील की गई है, ताकि शहर को स्वच्छ, सुगम और व्यवस्थित बनाया जा सके।

# मलमास मेला 2026 की तैयारी तेज, डीएम कुंदन कुमार ने दिए कड़े निर्देश

**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार की अध्यक्षता में मलमास मेला 2026 के सफल आयोजन को लेकर संबंधित कोषांग पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मेले की पूर्व तैयारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। विदित हो कि आगामी मलमास मेला का आयोजन 17 मई 2026 से 15 जून 2026 तक राजगीर में प्रस्तावित है। इस दौरान ब्रह्म कुंड में स्नान के लिए देश–विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि मेले से संबंधित सभी टेंडर समय से पूर्व हर हाल में पूरे किए जाएं। बताया गया कि सभी समितियों का गठन किया जा चुका है। उन्होंने सुरक्षा, यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण, आपातकालीन सेवाएं, स्वच्छता, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, स्वास्थ्य सुविधाएं, शरण स्थली, शौचालय, चेंजिंग रूम, कंट्रोल रूम, हेल्प डेस्क, आवासन, खानपान, हाई मास्ट लाइटिंग, ट्रैफिक चेक पोस्ट, बैरिकेडिंग और अग्निशमन व्यवस्था समेत सभी बिंदुओं पर विस्तृत दिशा–निर्देश दिए। मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बस और ई–रिक्शा से परिवहन की व्यवस्था निर्धारित दरों पर सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारियों, पुलिस बल, महिला पुलिस और स्वयंसेवकों की तैनाती की जाएगी। संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी के साथ सीसीटीवी कैमरे और ड्रोन के माध्यम से भीड़ पर नजर रखी जाएगी। यातायात व्यवस्था को सुचारु रखने के लिए वैकल्पिक मार्गों का निर्धारण और पार्किंग स्थलों का चिन्हांकन किया जाएगा।




स्वास्थ्य विभाग को एंबुलेंस, स्ट्रेचर, आवश्यक दवाएं, मेडिकल कैंप और चिकित्सकों की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।मेले में खोए हुए व्यक्तियों को उनके परिजनों से मिलाने के लिए सूचना केंद्र स्थापित किए जाएंगे। श्रद्धालुओं के खानपान के लिए कैंटीन, दीदी की रसोई और सस्ती रोटी काउंटर का प्रबंध किया जाएगा। साथ ही एआई काउंटर, मोबाइल ऐप और वेबसाइट के माध्यम से भी जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए रेलवे स्टेशन, मेला थाना, बस स्टैंड, ब्रह्म कुंड घाट, गढ़ महादेव मंदिर, वैतरणी घाट सहित विभिन्न स्थानों पर वाटरप्रूफ टेंट सिटी का निर्माण किया जाएगा। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि ब्रह्म कुंड में प्राकृतिक जलधारा का प्रवाह निर्बाध बनाए रखने के लिए आसपास के क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जाए। वैतरणी घाट की साफ–सफाई, मरम्मत और सौंदर्यीकरण कार्य समय पर पूरा करने का भी निर्देश दिया गया। शाही स्नान के दौरान भीड़ नियंत्रण के लिए विशेष इंतजाम किए जाएंगे तथा प्रवेश और निकास द्वारों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। बैठक में उप विकास आयुक्त, नगर आयुक्त, सहायक प्रशिक्षु समाहर्ता, अपर समाहर्ता (राजस्व), वरीय उप समाहर्ता (बैंकिंग), जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, संबंधित अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# नालंदा में निजी स्कूलों की मनमानी फीस पर प्रशासन सख्त, डीएम ने जारी किए कड़े निर्देश




**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** जिले में निजी विद्यालयों द्वारा मनमाने ढंग से फीस वसूली की लगातार मिल रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। मंगलवार को जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित कर इस पर कड़ा नियंत्रण लगाने के निर्देश दिए गए। बैठक में बताया गया कि जिला जनता दरबार और सेवा संवाद के माध्यम से यह शिकायतें मिल रही हैं कि कई निजी विद्यालय नामांकन, पुनर्नामांकन, वार्षिक शुल्क, विकास शुल्क, किताब, यूनिफॉर्म, जूते, स्टेशनरी और ट्रांसपोर्ट के नाम पर अभिभावकों से अधिक राशि वसूल रहे हैं। साथ ही कुछ विद्यालय अभिभावकों को एक ही दुकान से सामग्री खरीदने के लिए मजबूर करते हैं, जिससे उन पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ता है। जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि गुणवत्तापूर्ण और सुलभ शिक्षा हर वर्ग का अधिकार है। इसे ध्यान में रखते हुए उन्होंने बिहार निजी विद्यालय (शुल्क विनियमन) विधेयक, 2019 के तहत सख्त निर्देश जारी किए। उन्होंने जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया कि सभी निजी विद्यालयों के प्राचार्यों के साथ शीघ्र बैठक कर नियमों की जानकारी दी जाए और उनका पालन सुनिश्चित कराया जाए।डीएम ने चेतावनी दी कि नियमों का उल्लंघन करने वाले विद्यालयों पर भारी जुर्माना लगाया जाएगा और आवश्यकता पड़ने पर उनकी मान्यता भी रद्द की जा सकती है। प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार कोई भी विद्यालय छात्रों को किसी विशेष दुकान से किताब, यूनिफॉर्म या अन्य सामग्री खरीदने के लिए बाध्य नहीं करेगा। साथ ही फीस में बढ़ोतरी भी निर्धारित नियमों के अनुसार ही की जाएगी। सभी विद्यालयों को अपनी वेबसाइट और परिसर में पुस्तकों और यूनिफॉर्म की सूची सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित करनी होगी। अभिभावकों की सुविधा के लिए शिकायत दर्ज कराने हेतु जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा ईमेल आईडी privateschoolsnalanda@gmail-com जारी की गई है। साथ ही शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए प्रभावी व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी, शिक्षा विभाग के कार्यक्रम पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# मानव जीवन मोक्ष का साधन, संत पंकज जी महाराज ने दिया संदेश

**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट पंडुई (जहानाबाद)।** चौरासी लाख योनियों में मानव जीवन को सर्वश्रेष्ठ बताते हुए जयगुरुदेव धर्म प्रचारक संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष संत पंकज जी महाराज ने कहा कि इस शरीर के माध्यम से ही मोक्ष की प्राप्ति संभव है। जनजागरण यात्रा के 31वें पड़ाव पर ग्राम पंडुई में आयोजित सत्संग में उन्होंने कहा कि मानव शरीर को पाने के लिए देवता भी तरसते हैं, जिसका उल्लेख रामचरित मानस में भी मिलता है। उन्होंने कहा कि मानव शरीर में ही परमात्मा का अंश विद्यमान है, जो दोनों आंखों के मध्य स्थित होता है और उसी के कारण सभी इन्द्रियां कार्य करती हैं। इसे "दसवां द्वार", "तीसरा तिल" या "ज्ञान चक्षु" भी कहा जाता है। संत कबीर के उद्धरण के माध्यम से उन्होंने समझाया कि साधना के जरिए इस दिव्य तत्व का अनुभव किया जा सकता है। महाराज ने बताया कि यदि कोई साधक सच्चे गुरु के मार्गदर्शन में सुरत शब्द योग की साधना. सुमिरन, ध्यान और भजन–नियमित रूप से करता है, तो उसे शीघ्र ही आध्यात्मिक अनुभूति होने लगती है। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन सुबह–शाम दो घंटे साधना करने से व्यक्ति को अपने भीतर ही दिव्य शक्तियों का अनुभव होने लगता है। संत पंकज जी महाराज ने लोगों से शाकाहार अपनाने और नशीले पदार्थों का त्याग करने की अपील की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मनुष्य अपने खानपान और जीवनशैली में सुधार नहीं करेगा, तो प्रकृति उसे दंडित करेगी। उन्होंने कहा कि भूकंप, सूखा, बाढ़, अकाल और महामारी जैसे प्राकृतिक प्रकोप मानव के लिए चेतावनी हैं। उन्होंने अपने गुरु परम संत बाबा जयगुरुदेव जी महाराज के संदेश को याद करते हुए कहा कि उन्होंने पहले ही आगाह किया था कि कर्मों का प्रभाव एक दिन विकराल रूप लेगा और मानव को उसके परिणाम भुगतने होंगे।इस अवसर पर संत पंकज जी महाराज के आगमन पर उनका भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस प्रशासन ने शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग किया। सत्संग के अंत में उन्होंने 17 से 21 मई तक मथुरा स्थित जयगुरुदेव आश्रम में आयोजित होने वाले वार्षिक भंडारा सत्संग मेले में शामिल होने के लिए लोगों को आमंत्रित किया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष संदीप बाबू, राकेश, सुरेंद्र प्रसाद यादव, सतीश सिंह, सर्वजीत यादव सहित कई श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम के बाद जनजागरण यात्रा अगले पड़ाव ग्राम सलोमापुर (थाना कल्पा, जहानाबाद) के लिए रवाना हो गई, जहां आज पूर्वाह्न 11:30 बजे से सत्संग आयोजित किया जाएगा।



# पीड़िता को न्याय दिलाने की मांग को लेकर कुम्हार प्रजापति समन्वय समिति का धरना प्रदर्शन

**केशववाणी अमर वर्मा बिहारशरीफ (नालंदा)।** बिहारशरीफ के अस्पताल मोड़ सहित नूरसराय प्रखंड की एक पीड़ित महिला को न्याय दिलाने की मांग को लेकर बिहार कुम्हार प्रजापति समन्वय समिति के बैनर तले एक दिवसीय धरना–प्रदर्शन आयोजित किया गया। धरना में बड़ी संख्या में प्रजापति समाज एवं अतिपिछड़ा समाज के लोग शामिल हुए। धरना–प्रदर्शन के बाद समिति के प्रतिनिधिमंडल ने नालंदा के जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान प्रशासन से पीड़िता को शीघ्र न्याय दिलाने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई। धरना को संबो. धित करते हुए जिला अध्यक्ष सुबोध पंडित ने कहा कि इस तरह के जघन्य अपराध करने वाले दोषियों को फांसी की सजा मिलनी चाहिए, ताकि भविष्य में कोई भी इस तरह की घटना को अंजाम देने की हिम्मत न कर सके। वहीं जिला सचिव संजीव कुमार बिट्टू ने कहा कि पूरे बिहार में अतिपिछड़ा समाज के लोगों का उत्पीड़न हो रहा है। उन्होंने मांग की कि मामले के सभी दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए, साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि कोई दोषी बच न पाए और कोई निर्दोष फंसाया न जाए। समाजसेवी प्रवेश कुमार ने सरकार से मांग की कि इस मामले में स्पीडी ट्रायल चलाकर एक महीने के भीतर दोषियों को सजा दी जाए।



इस धरना–प्रदर्शन में युवा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश कुमार, प्रदुवन कुमार, नंदकिशोर पंडित, राजद नेता उमेश पंडित, प्रमोद पंडित, सुजीत कुमार, कांग्रेस नेता शशी पंडित, रंजीत पंडित, भाजपा नेत्री शीला पंडित, जदयू नेता जनार्दन पंडित, अतिपिछड़ा नेता अवधेश पंडित, दिलीप मंडल, रंजीत शर्मा, सत्येंद्र शर्मा, गोरख ठाकुर, रामप्रीत चौहान, कुमारी सरोज सिन्हा सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।





# उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय ब्रह्गांवा में मेधावी छात्रों का भव्य सम्मान, संगम कुमारी ने जिले में लाया सातवां स्थान

**केशववाणी गुड्डु कुमार की रिपोर्ट इस्लामपुर(नालंदा)।** शिक्षा के क्षेत्र में उत. ष्टता का एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत करते हुए उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय ब्रह्गांवा में वर्ष 2026 की वार्षिक परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र–छात्राओं के सम्मान में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम का माहौल उत्साह, गर्व और प्रेरणा से ओत–प्रोत रहा, जहां छात्रों की उपलब्धियों को पूरे सम्मान के साथ सराहा गया।समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ द्य जिसके बाद विद्यालय परिवार द्वारा मेधावी विद्यार्थियों को मंच पर बुलाकर प्रमाण पत्र, प्रशस्ति पत्र , मेडल एवं उपहार प्रदान किया गया। इस अवसर उपस्थित लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट से छात्रों का उत्सा. हवर्धन किया।कार्यक्रम की मुख्य आकर्षण रहीं विद्यालय की प्रतिभाशाली छात्रा संगम कुमारी, जिन्होंने 475 अंक प्राप्त कर नालंदा जिले में सातवां स्थान हासिल किया। उनकी इस उल्लेखनीय सफलता से न केवल विद्यालय, बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम गौरवान्वित हुआ है। संगम की इस उपलब्धि पर शिक्षकों, अभिभावकों एवं ग्रामीणों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।इसके अलावा अन्य छात्रों ने भी बेहतरीन प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।नमन कुमार वर्मा को 439 अंक,अंजली कुमारी को 420 अंक,निधि कुमारी को 417 अंक,साहिल कुमार को 403 अंक,अलसी कुमारी को 401 अंक प्राप्त हुआ ।इन सभी विद्यार्थियों को भी समारोह में विशेष रूप से सम्मानित किया गया। साथ ही 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले अन्य छात्र–छात्राओं को भी प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया।समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानाध्यापक शिवजी पासवान ने कहा कि विद्यार्थियों की यह सफलता उनके कठिन परिश्रम, नियमित अध्ययन, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि "आज का यह सम्मान केवल एक पुरस्कार नहीं, बल्कि आगे और बेहतर करने की प्रेरणा देता है।" उन्होंने सभी छात्रों को लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर प्रयास करने की सीख दी।इस अवसर पर शिक्षिका शिवानी कुमारी, शिक्षक दिनेश कुमार , सतीश चन्द्र बसु एवं दीपक राम समेत अन्य शिक्षकों ने भी छात्रों की उपलब्धियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे सम्मान समारोह विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं और उन्हें नई ऊंचाइयों तक पहुंचने के लिए प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावक एवं स्थानीय ग्रामीण भी उपस्थित रहे। अपने बच्चों को मंच पर सम्मानित होते देख अभिभावकों के चेहरे गर्व से खिल उठे। ग्रामीणों ने भी छात्रों की सफलता को पूरे गांव की उपलब्धि बताते हुए विद्यालय के प्रयासों की सराहना की।समारोह के अंत में सभी विद्यार्थियों के बीच मिठाई वितरित की गई और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। पूरे आयोजन ने यह संदेश दिया कि यदि लगन, मेहनत और सही मार्गदर्शन मिले, तो ग्रामीण क्षेत्र के छात्र भी सफलता की ऊंचाइयों को छू सकते हैं।

# ब्रिलियंट कॉन्वेंट में नए सत्र का भव्य आगाज, रंगारंग कार्यक्रम से गूंजा सभागार

**केशववाणी विनय शंकर की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** स्थानीय ब्रिलियंट कॉन्वेंट स्कूल के विशाल सभागार में शैक्षणिक सत्र 2026–27 का प्रथम दिन रंगारंग और मनमोहक कार्यक्रमों के साथ उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर छोटे–छोटे बच्चों ने आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर माहौल को खुशनुमा बना दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के निदेशक डॉ. धनंजय कुमार ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि विद्यार्थी जीवन में सीखी गई बातें और अपनाई गई आदतें ही उनके भविष्य की दिशा तय करती हैं। वहीं विद्यालय के अध्यक्ष डॉ. शशी भूषण कुमार ने सभी बच्चों का स्वागत करते हुए कहा कि बच्चे मिट्टी के समान होते हैं, जिन्हें शिक्षक अपनी मेहनत और मार्गदर्शन से एक सुंदर आकार देते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से नए सत्र में अनुशासन, मर्यादा और गुरुजनों व अभिभावकों के प्रति सम्मान बनाए रखने का संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने विद्यालय के टैगलाइन "इंटर टू लर्न एंड एग्जिट टू सर्व" को समझते हुए उसे जीवन में अपनाने पर जोर दिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधान शिक्षक रंजय सिंह ने पिछले सत्र के प्रत्येक वर्ग के टॉपर विद्यार्थियों को मंच पर बुलाकर सम्मानित किया और अध्यक्ष के हाथों उन्हें उपहार प्रदान कराया।



कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के सभी शिक्षकों और कर्मचारियों को मंच पर बुलाकर सम्मानित किया गया तथा उनका मुंह मीठा कराया गया। शिक्षकों ने भी अपनी खुशी का इजहार करते हुए संगीत प्रस्तुति दी। सभागार में उपस्थित बच्चों पर गुलाब की पंखुड़ियों से पुष्पवर्षा की गई और नए सत्र की शुरुआत पर सभी बच्चों को चॉकलेट देकर उनका स्वागत किया गया। कार्यक्रम का समापन विद्यालय की प्राचार्या डॉ. पुष्पलता के आशीर्वचन के साथ हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक रंजय सिंह, किशोर पांडेय, विजय कुमार, पवन कुमार, नाजिम राजा, नाजिया खान, चांपा मैडम, मिलन मैडम, सीमा मैडम, सोनम, नंदिनी सहित अन्य शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे, जिन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

# खोदागंज पुलिस की त्वरित कार्रवाई, अपहृत युवक झारखंड से सकुशल बरामद

**केशववाणी गुड्डू कुमार की रिपोर्ट इस्लामपुर (नालंदा)।** खोदागंज थाना पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए अपहृत युवक को झारखंड से सकुशल बरामद कर लिया है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर झारखंड के जमशेदपुर स्थित आदित्यपुर क्षेत्र में छापेमारी कर इस कार्रवाई को अंजाम दिया। मामले की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार गहलौत ने बताया कि थाना क्षेत्र के जैंतिया गांव निवासी स्व. राजनंदन यादव के पुत्र रंजीत कुमार ने 5 अप्रैल को अपने भाई आशीष कुमार (22 वर्ष) के अपहरण की प्राथमिकी खोदागंज थाना में दर्ज कराई थी। दर्ज प्राथमिकी में उन्होंने अपने ही एक रिश्तेदार महिला पर अपहरण का आरोप लगाया था। प्राथमिकी दर्ज होते ही पुलिस हरकत में आई और थानाध्यक्ष के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने तकनीकी अनुसंधान एवं गुप्त सूचना के आधार पर झारखंड के जमशेदपुर शहर के आदित्यपुर में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस ने अपहृत युवक आशीष कुमार को सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से परिजनों ने राहत की सांस ली है। फिलहाल पुलिस आगे की कानूनी कार्रवाई में जुटी हुई है और मामले की विस्तृत जांच की जा रही है।

# विश्व स्वास्थ्य दिवस पर आईएमए बिहारशरीफ का निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर, 200 लोगों ने उठाया लाभ

**केशववाणी बिहारशरीफ (नालंदा)।** विश्व स्वास्थ्य दिवस 2026 के अवसर पर मंगलवार, 7 अप्रैल को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन बिहारशरीफ द्वारा आईएमए भवन परिसर में निरूशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में लगभग 200 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस वर्ष विश्व स्वास्थ्य दिवस 2026 की थीम "ज्वहमजीमत वित भ्मंसजी,ʺजंदक ूपजीʺबपमदबम" (स्वास्थ्य के लिए एकजुट, विज्ञान के साथ खड़े रहें) रखी गई, जो स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए वैज्ञानिक दृष्टिकोण और आपसी सहयोग पर बल देती है। शिविर में मरीजों को ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, बीएमडी, यूरिक एसिड तथा बीएमआई की जांच की सुविधा उपलब्ध कराई गई। इसके साथ ही पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आईएमए परिसर में चिकित्सकों द्वारा पौधारोपण एवं पौधा वितरण भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान जुम्बा व्यायाम का भी आयोजन किया गया, जिसमें ला. `गों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। इस शिविर को सफल बनाने में ब्लड शुगर जांच के लिए डॉ. अशोक कुमार एवं डॉ. अखिलेश कुमार, यूरिक



एसिड जांच में एलेम्बिक फार्मा तथा बीएमडी जांच में ग्लैशियल फार्मा का विशेष योगदान रहा।कार्यक्रम में आईएमए के अध्यक्ष डॉ. अजय कुमार सिन्हा, सचिव डॉ. धनंजय कुमार, प्रोजेक्ट चेयरमैन डॉ. इंद्रजीत कुमार सहित डॉ. अभिषेक, डॉ. सुजीत कुमार, डॉ. वीरेंद्र प्रसाद (चर्मरोग), डॉ. धर्मेंद्र सिंह, डॉ. ब्रजेश कुमार, डॉ. अरुण कुमार (हड्डी), डॉ. अरविंद कुमार सिन्हा, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. अमरेन्द्र कुमार, डॉ. नरेंद्र कुमार सिन्हा, डॉ. कुमार अमरदीप नारायण, डॉ. शंभू शरण, डॉ. राजीव रंजन (फिजिशियन), डॉ. अंजय, डॉ. पंकज, डॉ. सबरी अहसन, डॉ. रश्मि नारायण, डॉ. ममता कौशांबी, डॉ. नीतू कुमारी, डॉ. त्रिशला सहित कई चिकित्सक उपस्थित रहे।

# महिमाचक गांव के खंधा में गेहूं के फसल में लगी आग, लगभग 25 बीघा में लगे गेहूं की फसल जलकर हुआ खाक

**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट इस्लामपुर (नालंदा)।** हरनौत प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों आग लगी की घटना रुकने का नाम नहीं ले रहा है। प्रखंड क्षेत्र में प्रतिदिन कहीं ना कहीं आग लगने से लोगों को भारी नुकसान हो रहा है। इसी कड़ी में प्रखंड क्षेत्र के बसनीमा पंचायत के महिमाचक गांव के खंधा में मंगलवार की दोपहर 2 बजे गेहूं की तैयार फसल में आग लग जाने से लगभग 25 बीघा के फसल जलकर पूरी तरह से खाक हो गया। इस आग लगी में महिमाचक गांव के राजीव रंजन कुमार, अजय प्रसाद, दिवाकर कुमार, विनोद कुमार, भोला प्रसाद, गौरव कुमार, अनूप प्रसाद, खरथुआ गांव के लाल यादव, इंदल यादव, एवं तिस्कुरवा गांव के मोहन पंडित को मिलाकर कुल लगभग 25 बीघा गेहूं के फसल जल गया। पीड़ित किसानों ने बताया कि 11000 वोल्टेज बिजली की तार से निकली चिंगारी के कारण गेहूं की फसल में आग लगी है। आग लगते ही ग्रामीण लोग खेत की ओर दौड़ पड़े। जहां सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची दमकल विभाग की टीम एवं ग्रामीणों की सहयोग 2 घंटे बाद आग पर काबू पाया गया। जब तक लगभग 25 बीघा में लगे गेहूं की फसल जलकर नष्ट हो गया। वहीं पीड़ित किसान ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।




अपने क्षेत्र की खबर भेजने और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
7033325120